# R.R.P.G. COLLEGE, AMETHI

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- 03

(वर्ष 2023-24 की वार्षिक एवं विशेष शिविर आख्या)

—कार्यक्रमाधिकारी—

डॉ0 सुधीर सिंह

## डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

# राष्ट्रीय सेवा योजना रिपोर्ट

# lkekU; dk;Øe ;kstuk] l= 2023&24
## vkj0vkj0ih0th0 dkyst] veBh

इकाई संख्या– 03 कार्यक्रमाधिकारी– डॉ0 सुधीर सिंह चयनित ग्राम– भाले सुल्तान

| Ø0 | fnukad | Nk= l0 | dk;l dk ?kaVs | dk;l LFky | dk;Øe |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24.09.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | झंडा रोहण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस |
| 2 | 29.09.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | नाली सफाई |
| 3 | 30.09.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | मद्यपान निषेध पर चर्चा |
| 4 | 01.10.2023 | 100 | 4 | महाविद्यालय परिसर | स्वच्छता जागरूकता रैली, संगोष्ठी |
| 5 | 02.10.2023 | 100 | 8 | चयनित गाँव | गाँधी जयन्ती पर प्रभात फेरी एवं स्वच्छता पर संगोष्ठी |
| 6 | 05.10.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | वृक्षारोपड़ हेतु थाला का निर्माण |
| 7 | 07.10.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | वृक्षारोपड़ |
| 8 | 08.10.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | साक्षारता प्रसार |
| 9 | 09.10.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | सड़क मरम्मत |
| 10 | 10.10.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | नारी सशक्तिकरण जागरूकता |
| 11 | 13.10.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | मेरी माटी मेरा देश |
| 12 | 15.10.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | सफाई |
| 13 | 16.10.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | दीवाल लेखन |
| 14 | 26.10.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | मलिन बस्ती सफाई |
| 15 | 27.10.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | वृक्षारोपड़ अभियान |
| 16 | 29.10.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | निबन्ध प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता |
| 17 | 31.10.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती |
| 18 | 01.11.2023 | 100 | 2 | महाविद्यालय परिसर | मतदाता जागरूकता, पुनरीक्षण रैली |
| 19 | 03.11.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | नाला खुदाई |
| 20 | 07.11.2023 | 100 | 2 | अमेठी नगर | मतदाता जागरूकता रैली |
| 21 | 10.11.2023 | 100 | 4 | चयनित गाँव | एड्स जागरूकता रैली |
| 22 | 18.11.2023 | 100 | 8 | चयनित गॉव | साम्प्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता दिवस |
| 23 | 20.11.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | कुओं की सफाई |
| 24 | 26.11.2023 | 100 | 4 | महाविद्यालय परिसर | संविधान दिवस |
| 25 | 28.11.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | मद्यपान निषेध |
| 26 | 01.12.2023 | 100 | 8 | चयनित गॉव | अन्तर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर रैली व समारोह |
| 27 | 02.12.2023 | 100 | 4 | महाविद्यालय परिसर | मतदाता जागरूकता रैली व वाद– विवाद |
| 28 | 05.12.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | सड़क निर्माण |
| 29 | 08.12.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | मलिन बस्ती सफाई |
| 30 | 10.12.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | सफाई |
| 31 | 11.12.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | वृक्षारोपड़ |
| 32 | 15.12.2023 | 100 | 2 | चयनित गॉव | नाली की सफाई |
| 33 | 18.12.2023 | 100 | 4 | महाविद्यालय परिसर | मानवाधिकार दिवस |
| 34 | 20.12.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | सड़क निर्माण |
| 35 | 23.12.2023 | 100 | 4 | चयनित गॉव | कुओं की सफाई |
| 36 | 12.01.2024 | 100 | 8 | महाविद्यालय परिसर | विवेकानन्द जयन्ती पर रैली व समारोह |
| 37 | 24.01.2024 | 100 | 8 | अमेठी नगर | राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर रैली व समारोह |
| 38 | 04.02.2024 | 100 | 1 | महाविद्यालय परिसर | सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत रैली |
| 39 | 19.02.2024 | 100 | 1 | महाविद्यालय परिसर | स्वच्छ भारत अभियान |

प्राचार्य कार्यक्रमाधिकारी

# डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फ़ैज़ाबाद

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक आख्या प्रेषण

वर्ष 2023-2024

वार्षिक आख्या की अवधि- 24.07.23 से 24.01.24 तक

महाविद्यालय का नाम- आर. आर. पी. जी. कालेज, अमेठी

पता - अमेठी रोड, अमेठी जिला- अमेठी पिन कोड नं. 227405

प्राचार्य/प्राचार्या का नाम- प्रो. सी. के. श्रीवास्तव मोबाइल नं. 9412494577

कार्यक्रमाधिकारी का नाम- डॉ. सुधीर सिंह नियुक्ति तिथि 17.05.2022

मोबाइल नं. - 9454053412

प्रशिक्षित/अप्रशिक्षित - ✓ (प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

रा. से. यो. इकाई नं. 03 छात्र संख्या- 100

---

1. सम्मानित किए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का नाम तथा सम्मानित करने की तिथि

   ×

2. सम्बन्धित विषय पर आयोजित वार्ता का विवरण

   1. तिथि- 30.07.2023
   2. विषय- मतदान निषेध पर चर्चा

3. ग्राम प्रधान का नाम एवं मोबाइल नं. कुसमा देवी, 9217600144
4. अधिग्रहीत ग्राम/मलिन बस्ती का नाम तथा पूरा पता ग्राम सुलतान, वि०खं० - भेटुआ
5. ध्वजारोहण की तिथि 24.07.2023
6. प्रदर्शनी आयोजन की तिथि तथा स्थल ×
7. स्कूल चलो आंदोलन के अन्तर्गत पंजीकृत कराए गए बच्चों की संख्या

   पुरुष- 10 महिला- 12 योग- 22

8. शिक्षा बंधन कार्यक्रम के अन्तर्गत पहचान किए गए निरक्षरों की संख्या

   पुरुष- 15 महिला- 25 योग- 40

9. साक्षर किए गए व्यक्तियों की संख्या

   पुरुष- 18 महिला- 23 योग- 41

10. सफाई किए गए कुओं/सम्पर्क मार्ग/तालाब/नालियों/गलियों की संख्या

    कुआं- 01 तालाब- 02 नालियाँ- 05

    सम्पर्क मार्ग- 03 गलियाँ- 04

11. स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अन्य सम्पन्न कार्यक्रम का विवरण

    ग्राम सभा में सफाई अभियान रैली द्वारा जागरूकता

12. स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण जन जागरण कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पन्न कार्यों का विवरण:-

    1. परिवार कल्याण के अन्तर्गत जागरूक किए गए व्यक्तियों की संख्या- पु० 15 म० 10 योग 25
    2. स्वास्थ्य शिक्षा से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 18 म० 20 योग 38
    3. स्वास्थ्य परीक्षण से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 12 म० 15 योग 27
    4. प्रतिरोधक टीकों से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 13 म० 17 योग 30
    5. औषधि वितरण से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 05 म० 10 योग 15
    6. एड्स शिक्षा / जागरूकता से लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या- पु० 09 म० 07 योग 16

13. रक्तदान शिविरों के आयोजन की तिथि- X

1. रक्तदान के लिए प्रेरित व्यक्तियों की संख्या X

2. रक्त परीक्षण कराए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या X

3. रक्तदाताओं की वास्तविक संख्या : पुरुष X महिला X योग X

14. पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन का विषय एवं तिथि- स्वच्छता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता 02.10.2023

प्रतिभागियों की संख्या पुरुष 08 महिला 55 योग 63

15. निबन्ध प्रतियोगिता आयोजन का विषय एवं तिथि मतदाता जागरूकता 23.10.2023

प्रतिभागियों की संख्या पुरुष 06 महिला 58 योग 64

16. वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय एवं तिथि मतदाता जागरूकता 02.12.2023

प्रतिभागियों की संख्या पुरुष 05 महिला 60 योग 65

17. पर्यावरण संवर्द्धन कार्यक्रम :-

1. वृक्षारोपण हेतु खोदे गए गड्ढों की संख्या 18

2. आरोपित पौधों की संख्या 18 जीवित पौधों की संख्या 18

3. विकसित किए गए पार्कों की संख्या X

18. उपर्युक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवकों /प्रतिभागियों की संख्या-

पुरुष- 21[illegible]

महिला- 73

योग- 100

19. नेत्रदान हेतु शपथ-पत्र भरने वालों की संख्या- पुरुष X महिला X योग X

20. अन्य गतिविधियाँ ( शीर्षक सहित )- पुरुष X महिला X योग X

21. सामाजिक व आर्थिक सर्वेक्षणों की संख्या- X X X

22. आकस्मिकताओं के दौरान समाज सेवा के कार्यक्रम

लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या पुरुष X महिला X योग X

23. मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों की संख्या :-

गोष्ठी 04 रैली 03 प्रतियोगिताएँ 03

नये मतदाता हेतु पूरित फार्म VI की संख्या 120

24. नियमित कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पादित कुल घंटे :- 128

25. नियमित कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्णित पूर्णतया नयी उपलब्धि:- X

प्राचार्य का नाम एवं हस्ताक्षर

(डॉ० सुधीर सिंह)
कार्यक्रम अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर

नोट- आवश्यक फोटोग्राफ/समाचार पत्रों की कटिंग आदि संलग्न करें। साथ ही सम्मिलित विशेष कार्यक्रमों के सम्बन्ध में सम्पन्न गतिविधियों की एक रिपोर्ट ( आलेख रूप में) भी संलग्न करें। जिससे समस्त जानकारी इस कार्यालय को प्राप्त हो सके।

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सामान्य कार्यक्रम योजना सत्र 2023-2024

## आर0आर0पी0जी0 कॉलेज अमेठी

## चयनित ग्राम- भाले सुल्तान, इकाई- 03

**वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी-**

डॉ0 सुधीर सिंह

### दिनांक 24.09.2023, झंडा रोहण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

दिनांक 24.09.2023 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। प्रातः 10.00 बजे परिसर में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का झंडारोहण हुआ एवं इसी के साथ ही एन.एस.एस. 2023-2024 सत्र का प्रारंभ हुआ। झंडारोहण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवक/सेविकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित हुए। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने एन.एस.एस. के गठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं आधुनिक राष्ट्र निर्माण में एन.एस.एस. की सार्थकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने स्वयंसेवक छात्रों को अनुशासित होकर समाज में व्याप्त कुरीतियों का निराकरण करने की अपील की। इस अवसर पर सभी कार्यक्रमाधिकारी उपस्थित रहे।

### दिनांक 29.09.2023, नाली सफाई

दिनांक 29.09.2026 को सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाएँ चयनित गाँव भाले सुल्तान गए, जहाँ पर उन्होंने फावड़ा, झाड़ू लेकर गाँव में जगह-जगह स्थित नाली, हैण्डपम्प आदि की सफाई करके ग्रामवासियों को जागरूक किया और लोगों से कहा कि अपनी नाली, घर एवं आस-पास की साफ-सफाई स्वयं करनी चाहिए।



**साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया**

अमेठी। शनिवार को आरआरपीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य करके स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने इधर-उधर बिखरे हुए सूखे कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित किया। अनावश्यक उगी हुई घासों की कटिंग भी की गई। साथ ही साथ वृक्षारोपण अभियान 2023 के अन्तर्गत महाविद्यालय प्रांगण में आंवला, आम, अमरूद, नीम, नींबू, गुड़हल, करौंदा आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव, डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. मनोज सिंह सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



**छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान**

अमेठी। आरआरपीजी कॉलेज परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, सेविकाओं एवं कार्यक्रमाधिकारियों की ओर से स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई कर कूड़े को एकत्रित किया। परिसर में आंवला, आम, अमरूद, नीम, नींबू, गुड़हल, करौंदा आदि के पौधे लगाए गए। प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव, कार्यक्रमाधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. मनोज सिंह आदि रहे। (संवाद)

## दिनांक 30.09.2023, मद्यपान निषेध पर चर्चा

दिनांक 30.09.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में 'मद्यपान निषेध' विषय पर एक चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी एवं छात्र-छात्राओं के साथ-साथ बहुत अधिक संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए। मद्यपान से होने वाले नुकसान को स्पष्ट करते हुए स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों को मद्यपान न करने का सुझाव दिया। स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने मद्यपान को अभिशाप बताया एवं सभी मद्यपान में लिप्त लोगों को मद्यपान न करने का संकल्प लेने की अपील की।

## दिनांक 01.10.2023, स्वच्छता जागरुकता रैली एवं संगोष्ठी

दिनांक 01.10.2023 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण के बाहर एक वृहद स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं द्वारा आने-जाने वाले राहगीरों को रोक-रोक कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और इससे होने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि  के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयं सेवक एवं सेविकाओं एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भी स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। तद्परान्त अल्प विश्राम के बाद महाविद्यालय परिसर में 'स्वच्छता जागरूकता' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## दिनांक 02.10.2023, महात्मा गाँधी जयन्ती पर प्रभात फेरी एवं स्वच्छता पर संगोष्ठी

दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की 119वीं जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से स्वयं सेवक एवं सेविकाओं द्वारा एक प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर लौटकर महाविद्यालय में स्वयं सेवकों ने परिसर की सफाई की। तत्पश्चात गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसके पश्चात् मालवीय हाल में 'स्वच्छता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## दिनांक 05.10.2023, वृक्षारोपड़ हेतु थाला का निर्माण

दिनांक 05.10.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में वृक्षारोपण हेतु थालों का निर्माण किया गया। सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने वृक्षारोपण करने हेतु थालों के निर्माण के उद्देश्य को पूरे ग्राम में भ्रमण करके विभिन्न टोलियों में विभक्त हो करके ग्रामवासियों को वृक्षारोपण से होने वाले लाभ से परिचित कराया। सभी शिविरार्थियों ने वृक्षारोपण हेतु थालों के निर्माण के पश्चात वापस लौट आए।

## दिनांक 07.10.2023, वृक्षारोपड़

दिनांक 07.10.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में वृक्षारोपण हेतु जो थालों का निर्माण किया था। सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने उसी थालों में वृक्षारोपण करने के साथ-साथ पूरे ग्राम में भ्रमण करके ग्रामवासियों को वृक्षारोपण से होने वाले लाभ से अवगत कराया। वृक्षारोपण के पश्चात् छात्र-छात्राओं ने ग्रामवासियों से थालों में रोपित पौधों को आवश्यक खाद-पानी के माध्यम से पोषण करने एवं पौधों की देखभाल करने का आग्रह किया।

## दिनांक 08.10.2023, साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम

दिनांक 08.10.2022 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में छात्र एवं छात्राओं द्वारा साक्षरता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रैली निकालकर ग्रामवासियों को साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया।

## दिनांक 09.10.2023, सड़क मरम्मत

दिनांक 09.10.2023 को चयनित गाँव में कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह के नेतृत्व में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा जर्जर चकमार्ग एवं खड़ंजा मार्ग पर श्रमदान कर मिट्टी डालकर मरम्मत कार्य किया गया। साथ ही छात्र और छात्राओं ने ग्रामवासियों को इसके प्रति जागरूक भी किया।

## दिनांक 10.10.2023, 'नारी सशक्तिकरण' जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 10.10.2023 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में मिशन शक्ति अभियान 4.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों के सहयोग से नारी सशक्तिकरण हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि नारियों को अपनी शक्ति पहचाननी होगी तथा प्रत्येक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 सीमा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी का स्वागत वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय एवं आभार डॉ0 सीमा सिंह ने किया।

**नारी को पहचाननी होगी अपनी शक्ति**

अमेठी। शहर स्थित आरआरपीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान 4.0 के तहत बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से नारी सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पीके श्रीवास्तव ने कहा कि आज की नारी अबला नहीं सबला है। जरूरत है की नारी अपनी शक्ति पहचाने और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े। डॉ. सुधीर सिंह ने कहा कि हमारे यहां वैदिक काल से ही नारियों की पूजा किसी न किसी रूप में की जाती रही है। इस मौके पर विनोद मिश्र, डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सीमा सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

## दिनांक 13.10.2023, ‘मेरी माटी मेरा देश’ के अंतर्गत रैली

दिनांक 13.10.2023 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा ‘मेरी माटी मेरा देश’ के अंतर्गत एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर रेलवे स्टेशन रोड तिराहा होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। रैली के पश्चात पंचप्रण के अंतर्गत सभी स्वयं सेवकों और कार्यक्रम अधिकारियों ने अपनी माटी की आन-बान और शान के लिए शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा हमारे महाविद्यालय को जो भी निर्देश एवम् लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, उसका अनुपालन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से पालन किया जाता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 सीमा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवम् कर्मचारी उपस्थित रहे।



मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकली रैली

अमेठी। नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर रेलवे स्टेशन रोड तिराहा होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। रैली के पश्चात पंचप्रण के अंतर्गत सभी स्वयं सेवकों और कार्यक्रमाधिकारियों ने अपनी माटी की आन बान और शान की शपथ ली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी. के. श्रीवास्तव ने सभी को शपथ दिलाई और कहा कि देश के शहीदों के प्रति सम्मान के लिए भारत सरकार द्वारा यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय डॉ सुधीर सिंह डॉ सीमा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवम् कर्मचारी उपस्थित रहे।



छात्राओं ने निकाली रैली

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रैली निकाली। रैली स्टेशन रोड तिराहा भ्रमण करते हुए वापस महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। रैली के बाद प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. सीमा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे। संवाद

## दिनांक 15.10.2023, सफाई अभियान

दिनांक 15.10.2023 को स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शिविर स्थल के आस-पास साफ सफाई की गई तत्पश्चात् चयनित गाँव में जाकर स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा गंदी नालियों की सफाई की गई और ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## दिनांक 16.10.2023, दीवाल स्लोगन लेखन

दिनांक 16.10.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा ग्राम का भ्रमण कर विभिन्न टोलियों में विभक्त होकर सामाजिक समस्याओं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मतदान में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने हेतु दीवालों पर स्लोगन लेखन का कार्य किया गया। और छात्र, छात्राओं द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

## दिनांक 26.10.2023, मलिन बस्ती सफाई

दिनांक 26.10.2023 को कार्यक्रमाधिकारी के नेतृत्व में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा चयनित गाँव में ग्रामवासियों के साथ मिलकर मलिन बस्तिी में घर के पास बिखरे हुये कूड़ा-करकट को इकट्ठा करके निष्तारित किया गया एवं साफ-सफाई के प्रति उनको जागरूक किया गया।

## दिनांक 27.10.2023, वृक्षारोपड़ अभियान

दिनांक 27.10.2023 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी के परिसर में सभी छात्र/छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों आम, अमरूद, नींबू, गुड़हल, करौंदा आदि के पौधे रोपित कर उसके सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव एवं सभी कार्यक्रम अधिकारी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



पेड़ों से हो सकता मानव जीवन सुरक्षित

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी। टीकरमाफी स्थित जीआईसी में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्र छात्राओं ने पौधे रोपित कर सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। प्रधानाचार्य राहुल सिंह ने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ का संदेश दिया।

बच्चों कोअपने घर के आस पास, खेत की मेड़ों, चारागाहों व अन्य खाली जमीनों पर पौधारोपण में योगदान करने को कहा।

इस मौके पर डॉ. अब्दुल हमीद, बृजलाल कश्यप, मनोज कुमार ओझा, विकास तिवारी व महेंद्र कुमार पाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

अमेठी के टीकरमाफी स्थित जीआईसी में पौध रोपित करतीं छात्राएं। संवाद

अमेठी स्थित आरआरपीजी कॉलेज में पौधे रोपित करते शिक्षक व विद्यार्थी। संवाद

परिसर में किया पौधरोपणः अमेठी। शहर स्थित आरआरपीजी कॉलेज परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं ने वृक्षारोपण अभियान चलाया। शिक्षकों के साथ बच्चों ने परिसर में आम, अमरूद, नींबू, गुड़हल, करौंदा आदि के पौधे रोपित किए। संवाद

## दिनांक 29.10.2023, निबन्ध प्रतियोगिता, मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

दिनांक 29.10.2023 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान आस्था तिवारी, द्वितीय स्थान सौम्या पाण्डेय एवं तृतीय स्थान महेन्द्र साहू को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने सभी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया। तदोपरांत स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासियों को ''पहले मतदान-फिर कोई काम'' का संकल्प दिलाया गया। कई मतदाताओं द्वारा इस बार अवश्य मतदान करने का आश्वासन भी दिया।

## दिनांक 31.10.2023, सरदार बल्लभ भाई पटेल पर संगोष्ठी

दिनांक 31.10.2023 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी के महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर छात्र-छात्राओं के बीच एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## दिनांक 01.11.2023, मतदाता जागरुकता, पुनरीक्षण रैली

दिनांक 01.11.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता पुनरीक्षण रैली निकाली गयी। जिसमें युवावों को अधिक से अधिक मतदान करने तथा समाज के अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। छात्र/छात्राओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदान करते समय हम सभी को जाति, धर्म, संप्रदाय आदि को भूलकर राष्ट्रहित में अच्छे कार्य करने वाले व्यक्ति को ही अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

## दिनांक 03.11.2023, नाला खुदाई

दिनांक 03.11.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा नाला खुदाई का कार्य किया गया। साथ ही साथ छात्र, छात्राओं द्वारा ग्रामवासियों को इसके प्रति जागरूक भी किया। सभी स्वयंसेवक नाला खुदाई के पश्चात् सूक्ष्म जलपान करके महाविद्यालय वापस लौट आए।

## दिनांक 07.11.2023, मतदाता जागरुकता रैली

दिनांक 07.11.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा अमेठी नगर में सरवनपुर, राजर्षि तिराहा, अमेठी चौक, बस स्टॉफ एवं रेलवे स्टेशन होते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें नगर के पुरुष एवं महिला मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र/छात्राओं ने रैली निकाल कर नगर वासियों के बीच **'सारे काम छोड़ के सबसे पहले वोट दें'** का नारा लगाया और सभी को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## दिनांक 10.11.2023, एड्स जागरुकता रैली

दिनांक 10.11.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में जाकर स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं द्वारा एड्स जागरुकता कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को इस संक्रामक बीमारी के प्रति जागरूक किया।

## दिनांक 18.11.2023, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता दिवस



बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

दिनांक 18.11.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता एवम् सदभाव कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में घर- घर जाकर लोगों को एकता एवम् सदभाव के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह सहित अधिक संख्या में ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया।

## दिनांक 20.11.2023, कुओं की सफाई

दिनांक 20.11.2023 को स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शिविर स्थल के आस-पास साफ सफाई की गई तत्पश्चात् चयनित गाँव भाले सुल्तान में जाकर सेवकों और सेविकाओं द्वारा गांव में स्थित कुओं की सफाई की गई और स्वच्छ जल के फायदे के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## दिनांक 26.11.2023, संविधान दिवस

दिनांक 26.11.2023 को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वाधान में रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में स्वयंसेवक, सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों के सौजन्य से बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहब को याद करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि उनको सच्ची श्रद्धांजलि देना है तो बाबा साहब के विचारों पर चलने की आवश्यकता है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ0 धनञ्जय सिंह ने कहा कि किसी देश का संविधान तब तक अच्छा नहीं हो सकता जब तक उसको मानने वाले नागरिक अच्छे ना हो। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों डॉ0 पवन कुमार पांडेय, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 सीमा सिंह एवं डॉ0 मानवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ0 प्रवीण पाण्डेय, डॉ0 विवेक कुमार सिंह ने सहयोग किया। विचार गोष्ठी में अतिथियों का स्वागत एवं सभी के प्रति आभार वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने किया।

## दिनांक 28.11.2023, मद्यपान निषेध

दिनांक 28.11.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में 'मद्यपान निषेध' विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी, स्वयं सेवक एवं सेविकाओं के साथ-साथ बहुत अधिक संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए। मद्यपान से होने वाले नुकसान को स्पष्ट करते हुए छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों को मद्यपान न करने का सुझाव दिया। मद्यपान में लिप्त लोगों को मद्यपान न करने की अपील भी की।

## दिनांक 01.12.2023, अन्तर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर रैली व समारोह

दिनांक 01.12.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में विश्व एड्स दिवस के अन्तर्गत रैली व समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा सिंह ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में ग्रामवासियों को जागरूक किया और बीमारी से बचने के सुझाव भी दिये। इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी तथा स्वयं सेवक सेविकाएं उपस्थित रहीं।

## दिनांक 02.12.2023, मतदाता जागरुकता रैली व वाद-विवाद

दिनांक 02.12.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर से कटरा हिम्मत सिंह तिराहा, बस स्टेशन, चौक एवं रेलवे स्टेशन होते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें नगर के पुरुष एवं महिला को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली वापस आकर महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई।

इसके बाद महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया किया। जिसमें स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## दिनांक 05.12.2023, सड़क निर्माण

दिनांक 05.12.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह के नेतृत्व में इकाई- 03 के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा जर्जर चकमार्ग एवं सड़क मार्ग पर श्रमदान के द्वारा मिट्टी डालकर निर्माण कार्य किया गया।

## दिनांक 08.12.2023, मलिन बस्ती सफाई

दिनांक 08.12.2023 को स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा चयनित गाँव भाले सुल्तान जाकर मलिन बस्ती की सफाई की गयी। गाँव के लोग भी कार्यक्रम से प्रभावित होकर सफाई अभियान कार्यक्रम

में स्वयं सेवकों और सेविकाओं के साथ सहयोग कर साफ-सफाई में रुचि दिखाई।

## दिनांक 10.12.2023, सफाई अभियान एवं मानवाधिकार दिवस

दिनांक 10.12.2023 को स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत शिविर स्थल के आस-पास साफ-सफाई की गई उसके बाद चयनित गाँव भाले सुल्तान में जाकर स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा गंदी नालियों की सफाई की गई और ग्रामवासियों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। चयनित गाँव से लौटने के पश्चात् महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में मानव अधि ाकार दिवस के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि यह दिवस प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। मानवाधिकार दिवस की औपचारिक स्थापना 4 दिसंबर 1950 को महासभा की 317वीं पूर्ण बैठक में हुई, जब महासभा ने संकल्प 423 (V) की घोषणा की, जिसमें सभी सदस्य राज्यों और किसी भी अन्य इच्छुक संगठनों को इस दिन को मनाने के लिए आमंत्रित किया गया था। गोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं के अलावा कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 सुधीर सिंह, डॉ0 सीमा सिंह, डॉ0 मनीषा सिंह सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## दिनांक 11.12.2023, वृक्षारोपड़

दिनांक 11.12.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में सभी छात्र/छात्राओं ने जाकर ग्रामवासियों को आमंत्रित करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण किया। साथ ही साथ पूरे ग्राम में घूम करके ग्रामवासियों को वृक्षारोपण से होने वाले लाभ से अवगत कराया व उन पौधों की देखभाल व सुरक्षा का दायित्व सौंपा। वृक्षारोपण के पश्चात सभी छात्र/छात्राएँ अपने घर वापस आ गये।

## दिनांक 15.12.2023, नाली सफाई

दिनांक 15.12.2023 को सभी छात्र/छात्राओं ने चयनित गाँव भाले सुल्तान जाकर उन्होंने फावड़ा, झाड़ू लेकर गाँव में जगह-जगह स्थित नाली, हैण्डपम्प आदि की सफाई करके ग्रामवासियों को जागरूक किया कि अपनी नाली, घर एवं आस-पास की साफ-सफाई स्वयं करनी चाहिए।

## दिनांक 20.12.2023, सड़क निर्माण

दिनांक 20.12.2023 को चयनित गाँव भाले सुल्तान में कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह के नेतृत्व में स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा जर्जर चकमार्ग एवं खड़ंजा मार्ग पर श्रमदान कर मिट्टी डालकर सड़क का मरम्मत व निर्माण कार्य किया गया।

## दिनांक 23.12.2023, कुओं की सफाई

दिनांक 23.12.2023 को स्वयं सेवक एवं सेविकाओं द्वारा चयनित गाँव भाले सुल्तान में जाकर गांव में स्थित कुओं की सफाई की गई और स्वच्छ जल के लाभ को ग्रामीणों को बताकर जागरूक किया गया।

## दिनांक 12.01.2024, विवेकानन्द जयन्ती पर समारोह

दिनांक 12 जनवरी 2024 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस एवं राज्य स्तरीय पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता युवा मतदाताओं द्वारा कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अमेठी के ब्रांच मैनेजर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पी0के0 श्रीवास्तव एवं स्टेट बैंक आफ इंडिया अमेठी के मैनेजर और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता विषय ''स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता'' पर किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम का स्वागत डॉक्टर मनीषा सिंह ने किया एवं आभार डॉक्टर पवन कुमार पाण्डेय वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य विभागों के विभाग अध्यक्ष एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।



# सशक्त युवाओं से ही राष्ट्र का निर्माण

**युवा दिवस**

अमेठी, संवाददाता। राष्ट्रीय युवा दिवस पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा श्री रणंजय इंटर कॉलेज प्रांगण में जिला युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री व युवा कल्याण मंत्री का लाइव संबोधन देखा गया। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन करने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ सान्या छाबड़ा, जगदंबा प्रसाद मनीषी, डॉ. आराधना राज ने किया। जगदंबा प्रसाद मनीषी ने कहा कि जिसके भीतर आत्मविश्वास है कुछ करने की भावना है वह वास्तव में ही युवा है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवा त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं तथा नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर्स को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी जिला आपदा प्रबंधक प्रदीप सिंह द्वारा दी गई। इस मौके पर अजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, शिवम मिश्रा, ललित, रोली, काजल, डॉ. रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

निकली जागरूकता रैली: युवाओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को एआरटीओ हर्ष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

युवा दिवस पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले युवा।

**भाषण प्रतियोगिता में प्रिंस शुक्ला ने बाजी मारी**

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा केपीएस विद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रिंस शुक्ला प्रथम, ऋषभ श्रीवास्तव द्वितीय और प्रगति सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा इनको पुरस्कृत किया गया।

# स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जीवन में उतारे युवा पीढ़ी



## सांस्कृतिक विरासत को शिखर पर पहुंचाना हम सबका नैतिक कर्तव्य

# भाषण प्रतियोगिता में प्रिंस शुक्ल अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

**अमेठी।** आरआरपीजी कॉलेज परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रिंस शुक्ल, ऋषभ श्रीवास्तव व प्रगति सोनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

**राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित हुई संगोष्ठी**

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज के युवा पीढ़ी को पढ़ना, सुनना, समझना और जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए, जिससे एक विकसित राष्ट्र का निर्माण हो सके। मुख्य अतिथि संघ के क्षेत्र प्रचारक ओमप्रकाश ने बताया कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद से सीखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक ने छात्रों को विवेकानंद के जीवन से सीखने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. सुधीर सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अपने अल्प आयु में ही जो विचार देकर गए हैं उन पर अमल कर चलने का प्रयास किया जाए तो भारत पुनः विश्व गुरु बन सकता है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. पवन कुमार पांडेय, प्रो.आशा गुप्ता, डॉ. धनंजय सिंह, डॉ. नीतू सिंह, डॉ.अरविंद कुमार सिंह, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. अनादि कुमार मिश्रा, डॉ. मलखान सिंह आदि मौजूद रहे।

वहीं केपीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तारापुर में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह प्रधानाचार्य बजरंग बहादुर सिंह उप प्रधानाचार्य मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला।



आरआरपीजी कॉलेज परिसर में आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में भाषण देती छात्रा। संवाद

## दिनांक 24.01.2024, मतदाता जागरुकता रैली


दिनांक 24.01.2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों और सेविकाओं द्वारा अमेठी नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें नगर के पुरुष एवं महिला मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## दिनांक 04.02.2024, सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत रैली

दिनांक 04.02.2024 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वाधान मे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर पी0के0 श्रीवास्तव के निर्देशन में  छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई। जिसमें सड़क से होने वाली दुर्घटनाओं के विषय में राहगीरों को सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सीमा सिंह, डॉक्टर सुधीर सिंह, डॉक्टर मनीषा सिंह ने सड़क सुरक्षा रैली में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।


## दिनांक 19.02.2024, स्वच्छ भारत अभियान

दिनाँक 19.02.2024 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य किया गया और इधर-उधर बिखरे हुए सूखे कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित किया गया और अनावश्यक उगी हुई घासों की कटिंग भी की गई।  इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने इस उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय, डॉ0 सुधीर सिंह एवम् स्वयंसेवक, सेविकाओं ने सहयोग किया।



छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

[illegible]



एनएसएस ने चलाया सफाई अभियान

[illegible]



एनएसएस के स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

[illegible]

# आरआरपीजी में एनएसएस ने चलाया सफाई अभियान

**अवध की जंग अमेठी।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य किया गया और इधर-उधर बिखरे हुए सूखे कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित किया गया और अनावश्यक



उगी हुई घासो की कटिंग भी की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा हमारे महाविद्यालय को जो भी निर्देश एवम् लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं उसका अनुपालन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से किया जाता है। इस स्वच्छता कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह एवम् स्वयंसेवक/सेविकाओं ने सहयोग किया।












hot on Y11
ivo AI camera


Shot on Y11
Vivo AI camera





# एनएसएस द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी छात्रों को दिलाई गई शपथ




अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (आरआरपीजी) में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान 2023 के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति चिंता व्यक्त की एवं बताया कि अगर हम सड़क पर चलते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का गंभीरता से पालन करें तो दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। सड़क पर चलते समय किसी भी प्रकार की लापरवाही जानलेवा हो सकती। सड़क सुरक्षा शपथ को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. सीमा सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने सहयोग प्रदान किया।




GPS Map Camera
अमेठी, उत्तर प्रदेश, भारत
5R35+Q69, अमेठी, उत्तर प्रदेश 227405, भारत
Lat 26.154244°
Long 81.807918°
15/08/23 09:30 AM GMT +05:30
Google














सेवा योजना
BUT YOU


NOT ME BUT YOU
hot on Y11
vivo AI camera




राष्ट्रीय सेवा
ME BUT YOU
महाविद्यालय




दिनांक 4-10-2023
रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, अमेठी
मिशन शक्ति: महिला सशक्तिकरण
आयोजक: राष्ट्रीय सेवा योजना




ENGLISH MEDIUM CBSE PATTERN/RECOGNIZED BY UP GOVT
AMETHI PUBLIC SCHOOL
NOT ME BUT YOU


NOT ME BUT YOU
राष्ट्रीय सेवा योजना





बृजेन्द्र सिंह आदि रहे।

# एनएसएस छात्रों ने राष्ट्रीय एकता एवम् सदभाव कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली



अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक‚ सेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता एवम् सदभाव कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर रेलवे स्टेशन रोड तिराहा, बस स्टेशन, सरवनपुर, एस डी एम कॉलोनी होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। रैली में घर– घर जाकर लोगों को एकता एवम् सदभाव के प्रति जागरूक किया गया तथा शासन से मिले स्टीकर और पोस्टर को दीवाल पर लगाया गया। तत्पश्चात सेमिनार हाल में मतदाता जागरूकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पी के श्रीवास्तव, डॉ सुधीर सिंह एवम् प्रो आशा गुप्ता ने सम्बोधित किया। संगोष्ठी में स्वागत डॉ पवन कुमार पांडेय, आभार डॉ सीमा सिंह ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. सीमा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवम् राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाएं उपस्थित रहे।




## आरआरपीजी में एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान
## आरआरपीजी में लगाए गए फलदार वृक्ष

वाइस आफ मुसाफिर

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकसेविकाओं एवम् कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य किया गया और इधर-उधर बिखरे हुए सूखे कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित किया गया और अनावश्यक उगी हुई घासो की कटिंग भी की गई। साथ ही साथ वृक्षारोपण अभियान 2023 के अन्तर्गत महाविद्यालय प्रांगण में आंवला, आम, अमरूद, नीम, नीबू, गुडहल, करौंदा आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा हमारे महाविद्यालय को जो भी निर्देश एवम् लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उसका अनुपालन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से किया जाता है। इस स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. मनीषा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवम् कर्मचारी उपस्थित रहे।

। अभियुक्त सुमित मिश्रा के कब्जे से 16 ग्राम स्मैक बरामद हुआ ।

## आरआरपीजी में पौध रोपण अभियान



अमेठी(ब्यूरो)। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (आरआरपीजी) अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं द्वारा वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय प्रांगण में आम, अमरूद, नींबू, गुडहल, करौंदा आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी. के. श्रीवास्तव, सभी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. सीमा सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवम् कर्मचारी उपस्थित रहे।



प्राप्त किया। दोनों चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। (संवाद)

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

**अमेठी।** शहर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने साफ-सफाई कर सूखे कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित किया। प्राचार्य प्रोफेसर पीके श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता को लेकर हर किसी को पहल करनी चाहिए। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)











राष्ट्रीय सेवा योजना
Shot on vivo S1






बाबा साहब डॉ० भीम राव अम्बेडकर
परिनिर्वाण दिवस
राष्ट्रीय सेवा योजना


















2024/01/12 13:14


स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता
11 जनवरी 2024





my city

शनिवार • 13.01.2024

अमर उजाला

# स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

## रणंजय इंटर कॉलेज में हुआ युवा दिवस का आयोजन

## भाषण प्रतियोगिता में प्रिंस शुक्ल अव्वल

को मिला आमंत्रण

सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी








PANKAJ TRADERS
NOT ME BUT YOU
राष्ट्रीय सेवा योजना


DYNAMIC FITNESS
ATM


NOT WE BUT YOU
राष्ट्रीय सेवा योजना


WINTER VIBES

# आरआरपीजी में एनएसएस ने चलाया सफाई अभियान



**एनएसएस ने किया महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई**

संवाददाता

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं एवम् कार्यक्रमअधिकारियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य किया गया और इधर-उधर बिखरे हुए सूखे कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित किया गया और अनावश्यक उगी हुई घासों की कटिंग भी की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पी. के. श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा हमारे महाविद्यालय को जो भी निर्देश एवम् लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं उसका अनुपालन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से किया जाता है। इस स्वच्छता कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सुधीर सिंह एवम् स्वयंसेवक/सेविकाओं ने प्रतिभाग किया।



वृजेन्द्र सिंह आदि रहे।

## एनएसएस छात्रों ने राष्ट्रीय एकता एवम् सदभाव कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली



कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा माँ सरस्वती एवं महाविद्यालय के संस्थापक राजर्षि रणंजय सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। इस अवसर पर कशिश द्वारा सरस्वती वन्दना एवं ज्योति द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात् कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय द्वारा विशेष शिविर में आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए सात दिन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि- 'राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा स्थान या मंच है जहाँ स्वयं सेवक-सेविकाओं का न केवल शैक्षिक विकास होता है बल्कि मानसिक, शारीरिक एवं व्यक्तित्व विकास भी होता है। इस शिविर के माध्यम से चयनित गाँव में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का जो अनूठा प्रयास किया जाता है वह समाज को एक नई दिशा प्रदान करता है। यह शिविर एक ऐसा

प्लेटफार्म है जहाँ शिविरार्थियों को अभाव में भाव के साथ जीवन जीने की कला सीखाता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होकर घर-परिवार एवं समाज तथा देश में जागरूकता फैलाना है। इस दिन-रात के विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी साथ रहकर एक-दूसरे का सहयोग करते हैं और आपस में सहयोग की भावना विकसित करते हैं जिससे वे भविष्य में समाज और देश के निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकें। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा सिंह द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य शिविरार्थियों को बताया गया तथा आने वाले दिनों के कार्यक्रमों की एक विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा साथ ही बताया कि इन सात दिनों में शिविरार्थी चयनित ग्राम में जाकर ग्रामवासियों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनका समाधान करने का प्रयास करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रो0 एस0पी0 यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन का सबसे सुखद एवं अनुभव प्राप्त करने वाला समय राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्य करना एवं विशेष शिविर में भाग लेना है। आज समाज में फैले हुए अन्याय, अराजकता, अविश्वास, सामाजिक कुरीतियाँ आदि को दूर करने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक-सेविकाओं का योगदान बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। आपने शिविरार्थियों से अपील किया कि वे चयनित गाँव में जाकर ग्रामवासियों को स्वस्थ्य एवं भयमुक्त जीने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर सम्मानजनक जीवन जीने तथा आने वाले लोकसभा में निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करें। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने ज्वलंत सामाजिक समस्या दहेज प्रथा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने हेतु शिविरार्थियों का आह्वान किया। साथ ही साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना से लेकर आज तक की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। तत्पश्चात् वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के सूत्र वाक्य, बैज, झण्डा, चिह्न आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और उद्घाटन सत्र में उपस्थित सभी अतिथियों, ग्रामवासियों, मीडियाकर्मियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

शिविर के प्रथम दिन के सायंकालीन सत्र में चारों इकाईयों के सभी शिविरार्थियों ने अपने-अपने कार्यक्रमाधिकारियों के निर्देशन में चयनित ग्राम सभा में अगले दिन से होने वाली गतिविधियों एवं सायंकालीन सत्र में होने वाले कार्यक्रमों एवं बौद्धिक गोष्ठी के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार किया और रात्रि भोजन के पश्चात् विश्राम हेतु चले गये।


राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
15 March 2024 1:09


GPS Map Camera
Thaura, Uttar Pradesh, India
5RJV+9QQ, Thaura, Uttar Pradesh 227405, India
Lat 26.18089°
Long 81.843966°
15/03/24 01:24 PM GMT +05:30
Google




MG
5 March 2024 1:14 pm

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडेरिया में हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है बल्कि मानसिक शारीरिक और व्यक्तित्व विकास भी होता है। यह शिविर सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर होकर कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का एक माध्यम है।कार्यक्रमाधिकारी डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। इस विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी को साथ रहने का अवसर मिलता है। जिससे वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। विशेष शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ सीमा सिंह प्रो एस पी यादव डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह शिवम सिंह सहित अनेक ग्रामवासी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।



# स्वयंसेवकों ने बताया साक्षरता का महत्व

अमेठी। शहर स्थित आरआरपीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर का शुभारंभ श्री रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर पीके श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है, बल्कि मानसिक, शारीरिक और व्यक्तित्व विकास भी होता है।

## अलग-अलग कॉलेजों में चल रहा एनएसएस कैंप

कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं को जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सीमा सिंह, प्रो एसपी यादव, डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह, शिवम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इसके अलावा शहर स्थित रानी सुषमा देवी महिला पीजी कॉलेज में एनएसएस शिविर के चौथे दिन शिविरार्थियों ने साक्षरता रैली निकालकर अपने चयनित ग्राम पूरे हीरा सोनारी और ओझा का पुरवा में जाकर शिक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही शिविरार्थियों ने चयनित गांव में लोकगीत, भजन गाकर साक्षरता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया।



# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ



अमेठी 15 मार्च। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है बल्कि मानसिक शारीरिक और व्यक्तित्व विकास भी होता है। यह शिविर सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर होकर कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का एक माध्यम है। कार्यक्रमाधिकारी डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। इस विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी को साथ रहने का अवसर मिलता है। जिससे वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। विशेष शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ सीमा सिंह डॉ एस पी यादव डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह शिवम सिंह सहित अनेक स्वयंसेवी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।

# 'नया सीखने और समाज को जागरूक करने का माध्यम एनएसएस शिविर'



जागरूकता रैली निकालती आरआरपीजी कॉलेज में छात्र-छात्राएं व शिक्षक • जागरण

संवादसूत्र, अमेठी: रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुक्रवार को सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर का शुभारंभ श्री राम बली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में हुआ।

विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है, जहां पर विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है। बल्कि मानसिक, शारीरिक और व्यक्तित्व का भी विकास होता है। यह शिविर सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर होकर कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का एक माध्यम है। कार्यक्रमाधिकारी डा. सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं को जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। इस विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी को साथ रहने का अवसर मिलता है। वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। विशेष शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डा. मनीषा सिंह, डा. पवन कुमार पांडेय, डा. सीमा, प्रो एसपी यादव, डा. मानवेन्द्र प्रताप व शिवम उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

अमेठी। आरआरपीजी कालेज अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में हुआ। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. पीके श्रीवास्तव ने किया। शिविर में सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर रहकर छात्रों को कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. पवन कुमार पांडेय, डॉ. सीमा सिंह मौजूद रहे।

3 आनंद
अमेठी/
(हिन्दी दैनिक)
अमेठी, 16 मार्च, शनिवार 2024

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ



कार्यालय अमेठी
(अभिलाष श्रीवास्तव सिंह, चीफ ब्यूरो अमेठी)

## RRPG कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 07दिवसीय शिविर का शुभारम्भ

अमेठी पत्रिका





अमेठी रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर का आयोजन श्री रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में दिनांक 15 मार्च 2024 से 21 मार्च 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। ...

# दूसरा दिवस ( दिनांक 16 मार्च 2024 )

दिनांक 16.03.2024 को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर विद्यालय अमेठी के राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर में प्रतिभाग कर रहे शिविरार्थियों द्वारा नित्य क्रिया के पश्चात् शिविर स्थल के आस-पास साफ-सफाई का कार्य किया। तदोपरान्त सभी शिविरार्थियों द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया, पूर्वाह्न सत्र में शिविरार्थियों ने पंक्तिबद्ध होकर अपने कार्यक्रमाधिकारी के निर्देशन में चयनित ग्राम सभा भाले सुल्तान में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत सांकेतिक रूप से साफ-सफाई का कार्य किया तथा घर-घर जाकर गन्दगी से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया और उससे बचाव हेतु अपने घर एवं पास-पड़ोस को साफ रखने हेतु जागरूक किया। इस रैली में शिविरार्थी अपने हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर, बैनर एवं तख्तियाँ लिए हुए थे। ग्रामवासियों द्वारा शिविरार्थियों का जागरूक करने का यह अनूठा तरीका बहुत पसन्द आया और सब लोगों ने शपथ लिया कि न तो हम गन्दगी करेंगे और न ही दूसरों को गन्दगी करने देंगे तथा सफाई अपनाकर हम अपने गाँव को स्वच्छ और सुन्दर बनायेंगे जिससे संक्रामक बीमारियों से गाँव को बचाया जा सके।

दोपहर भोजनावकाश के उपरान्त 'स्वच्छ भारत-सुन्दर भारत' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शिविरार्थी, कार्यक्रमाधिकारी, ग्रामवासी तथा अन्य विशिष्टजन उपस्थित हुए। इस संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि डॉ0 रणविजय सिंह ने 'स्वच्छ भारत-सुन्दर भारत' के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हम स्वच्छ एवं सुन्दर वातावरण में रहते हैं तो हमारा मन और तन स्वच्छ और सुन्दर रहता है इसीलिए प्राचीन काल में हमारे ऋषि मुनि और महात्मा लोग वनों में रहते थे जिससे वो प्रकृति के साथ जुड़े रहते थे और बहुत ही बुद्धिमान होते थे तथा दीर्घायु एवं निरोग भी रहते थे। हम लोगों को हमेशा अपने अगल-बगल साफ-सफाई रखना चाहिए जिससे तन मन स्वच्छ, सुन्दर एवं निरोग रहे। संगोष्ठी को शिक्षा शिक्षक विभाग के प्राध्यापक डॉ0 अजय कुमार सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण लक्ष्य स्वच्छ और सुन्दर भारत का है जिसको पूरा करने हेतु हम सभी भारतवासी प्रतिबद्ध हैं। इस अभियान से न केवल संक्रामक बीमारियों से निजात मिलती है बल्कि मन भी शुद्ध होता है और व्यक्ति हमेशा क्रियाशील बना रहता है। चारों इकाइयों के कार्यक्रमाधिकारियों द्वारा इस संगोष्ठी को सम्बोधित किया गया। ग्राम प्रधान एवं कुछ विशिष्टजनों ने भी इस ज्वलन्त एवं आवश्यक विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। संगोष्ठी के पश्चात् सायंकाल में शिविरार्थियों द्वारा रात्रि भोजन व्यवस्था में लग गये और भोजन उपरान्त रात्रि विश्राम करने चले गये।






स्वच्छ भारत अभियान


स्वच्छ भारत अभियान

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है बल्कि मानसिक शारीरिक और व्यक्तित्व विकास भी होता है। यह शिविर सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर होकर कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का एक माध्यम है।कार्यक्रमाधिकारी डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। इस विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी को साथ रहने का अवसर मिलता है। जिससे वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। विशेष शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ सीमा सिंह प्रो एस पी यादव डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह शिवम सिंह सहित अनेक ग्रामवासी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।





संक्षिप्त खबरें

## रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आग नियंत्रण विषय पर हुई संगोष्ठी

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर का आयोजन श्री रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में दिनांक 15 मार्च 2024 से 21 मार्च 2024 आयोजित किया जा रहा है। विशेष शिविर के दूसरे दिन शिविरार्थियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शिविर स्थल के आसपास और नजदीक ग्राम में जाकर सार्वजनिक स्थल के साफ-सफाई का कार्य किया गया तथा ग्रामवासियों को सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य शिविरार्थियों के माध्यम से किया गया। तत्पश्चात आग नियंत्रण विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में अमेठी से आए अग्नि शमन अधिकारी आशाद खान ने अचानक लगी आग को बुझाने के उपाय कई उपाय बताते हुए कहा कि अगर घरेलू सिलेंडर से आग लगी हो तो तुरंत ही उसके ऊपर भीगा कपड़ा या बोरी रख देनी चाहिए। फायर स्प्रिंकलर सिस्टम एक सक्रिय अग्नि सुरक्षा विधि है, जिसमें एक जल आपूर्ति प्रणाली शामिल होती है, जो जल वितरण पाइपिंग सिस्टम को पर्याप्त दबाव और प्रवाह प्रदान करती है, जिस पर फायर स्प्रिंकलर जुड़े होते हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ सुधीर सिंह ने कहा कि एन एफ पी ए उन मानदंडों को भी सूचीबद्ध करता है जिन्हें कुछ प्रकार की अग्नि शमन प्रणालियों की आवश्यकताओं के लिए पूरा किया जाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ रणविजय सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह डॉ सीमा सिंह, डॉ पवन कुमार पटेल, डॉ मनीषा सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।




## तीसरा दिवस (दिनांक 17 मार्च 2024)

दिनांक 17.03.2024 को सभी इकाइयों के शिविरार्थियों ने प्रातः नित्य क्रिया के पश्चात् कार्यक्रमाधिकारी के साथ योगाभ्यास किया, योग के पश्चात् डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एक रैली निकाली गई। रैली के दौरान टोली नायकों के नेतृत्व में अनुशासित होकर सभी सदस्य व्यवस्थित रूप से ग्राम भ्रमण कर रहे थे, जिसको देखने के लिए ग्रामवासी अपने-अपने घरों से बाहर निकल कर बहुत देर तक खड़े रहे। ग्रामवासी शिविरार्थियों के हाथों में उपलब्ध तख्तियों को बहुत ही ध्यान से पढ़ रहे थे। इन तख्तियों में 'मतदाता जागरूकता', 'स्वच्छ भारत-सुन्दर भारत', स्वच्छ भारत-स्वस्थ्य भारत' एवं 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे महत्त्वपूर्ण स्लोगन लिखे हुए थे। इन स्लोगनों तथा नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने का कार्य बहुत ही अच्छे तरीके से किया गया। शिविरार्थियों ने चयनित गाँव में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा, मतदाता जागरूकता विषय पर जगह-जगह नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इन नाटकों को देखने के लिए ग्रामवासियों में बहुत ही उत्साह दिख रहा था। इसी के साथ गाँव की दीवालों पर स्लोगन एवं नारों को जगह-जगह लिख दिया गया जिससे ग्रामवासी और अधिक जागरूक हो सकें। इसके बाद सभी शिविरार्थी पंक्तिबद्ध होकर शिविर स्थल वापस आये और अल्प विराम के पश्चात् मध्याह्न भोजन में रोटी, दाल, चावल, सब्जी पंक्तिबद्ध होकर लिया।

मध्याह्न भोजन के पश्चात् बौद्धिक सत्र में मतदाता जागरूकता हेतु 'मजबूत लोकतन्त्र में हमारी सहभागिता' विषय पर एक भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 अनादि कुमार मिश्र ने बताया कि यह एक ऐसा गम्भीर विषय है जिसका सीधा सम्बंध देश के विकास से जुड़ा है। ज्यादातर देखने में आता है कि लोग मतदान के दिन छुट्टी मानकर आराम करते हैं और मतदान में रुचि नहीं लेते हैं जिससे अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव नहीं हो पाता है। हम लोगों की जाति-धर्म, सम्प्रदाय, मत, मजहब एवं किसी प्रलोभन में आये बिना अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए जिससे सरकार में अच्छे लोग आ सकें और एक मजबूत लोकतन्त्र का निर्माण हो सके तथा राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो सके। इस भाषण प्रतियोगिता में शिविरार्थियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। शिविरार्थी आस्था तिवारी ने बताया कि मजबूत लोकतन्त्र राष्ट्र के विकास के लिए बहुत ही सहायक होता है और लोकतन्त्र में अच्छे लोग प्रतिनिध तभी बनेंगे जब गुणवत्ता देखकर मतदान किया जाय ना कि किसी लालच या जाति, धर्म, भाई-भतीजावाद देखकर। एक दूसरी शिविरार्थी दीपिका सिंह ने कहा कि किसी भी देश का बहुमुखी विकास तब सम्भव है जब उस देश में सुशासन, सुस्पष्ट नीति और भ्रष्टाचार से मुक्त हो तथा युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भूमिका हो। यह तभी सम्भव है जब मतदान करते समय जाति, धर्म, मत, मजहब को ध्यान में ना रखकर योग्य, ईमानदार और कुशल व्यक्ति का चुनाव हो। कार्यक्रमाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। अन्त में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सायं के समय एक घण्टे का सांस्कृतिक कार्यक्रम शिविरार्थियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात् सभी शिविरार्थी पंक्तिबद्ध होकर रात्रि भोजन किये और विश्राम के लिए चले गये।



GPS Map Camera
Bhretha, Uttar Pradesh, India
4VQ8+8HF, Bhretha, Uttar Pradesh 227413, India
Lat 26.138412°
Long 81.866344°
17/03/24 12:22 PM GMT +05:30
Google




GPS Map Camera
Pindoriya, Uttar Pradesh, India
5VJ2+Q54, Pindoriya, Uttar Pradesh 227405, India
Lat 26.182366°
Long 81.850303°
17/03/24 11:28 AM GMT +05:30
Google




GPS Map Camera
Pindoriya, Uttar Pradesh, India
5RJX+XR8, Pindoriya, Uttar Pradesh 227405, India
Lat 26.1827°
Long 81.848227°
17/03/24 10:59 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Pindoriya, Uttar Pradesh, India
5RJX+XR8, Pindoriya, Uttar Pradesh 227405, India
Lat 26.182672°
Long 81.849525°
17/03/24 11:05 AM GMT +05:30
Google

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडेरिया में हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है बल्कि मानसिक शारीरिक और व्यक्तित्व विकास भी होता है। यह शिविर सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर होकर कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का एक माध्यम है।कार्यक्रमाधिकारी डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। इस विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी को साथ रहने का अवसर मिलता है। जिससे वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। विशेष शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ सीमा सिंह प्रो एस पी यादव डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह शिवम सिंह सहित अनेक ग्रामवासी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।



## आरआरपीजी के एनएसएस छात्रों ने लिया निबन्ध प्रतियोगिता में भाग



अमेठी । रविवार को रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री रामबली सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय दिन–रात विशेष शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयं सेवक सेविकाओं ने घर– घर जाकर वोट देने के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया तथा दीवालों पर मतदान संबंधी स्लोगन लिखा। स्वय सेवकों सेविकाओं द्वारा गांव मे नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने का भी कार्य किया। इस नुक्कड़ नाटक को ग्रामवासियों द्वारा बहुत सराहा गया। मध्यान भोजन के उपरान्त मजबूत लोकतंत्र में हमारी सहभागिता विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता मे प्रत्येक इकाई के शिविरार्थियों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाई के कार्यक्रमाधिकारी सहित आस्था, सौम्या, काजल, अनु, प्रशस्ति, आकाश, पवन, कुमार मंगलम आदि ने विशेष सहयोग किया ।



मतदाता जागरूकता रैली निकालते एनएसएस के स्वयंसेवक।

## छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अमेठी। आरआरपीजी कालेज अमेठी के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन रविवार को छात्र–छात्राओं ने चयनित गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। छात्रों ने घर– घर जाकर वोट देने के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। साथ ही दीवालों पर मतदान संबंधी स्लोगन लिखा। एनएसएस के कार्यक्रमाधिकारी सहित आस्था, सौम्या, काजल, अनु आदि मौजूद रहे।






# रैली निकाल मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी। शहर स्थित आरआरपीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से श्री रामबली सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पिण्डोरिया में चलाये सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयं सेवकों ने घर- घर जाकर वोट देने के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया।

इसके साथ ही दीवारों पर मतदान संबंधी स्लोगन लिखा। स्वयं सेवकों ने गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने का भी कार्य किया। दूसरे सत्र में मजबूत लोकतंत्र में हमारी सहभागिता विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें सभी इकाई के शिविरार्थियों ने प्रतिभाग किया। एनएसएस की चारों इकाई के कार्यक्रमाधिकारी सहित आस्था, सौम्या, काजल, अनु, प्रशस्ति, आकांक्षा, पवन, कुमार मंगलम आदि मौजूद रहे।

एनएसएस शिविर के दौरान रैली निकालते आरआरपीजी कॉलेज के शिविरार्थी। स्रोत-कॉलेज प्रशासन

## दिनचर्या में शामिल करें योग

अमेठी। शहर के रेलवेस्टेशन स्थित रानी सुषमा देवी महिला पीजी कॉलेज में चल रहे एनएसएस शिविर के छठवें दिन रविवार को शिविरार्थियों ने योग के माध्यम से निरोगी काया का संदेश दिया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. पूजा सिंह ने छात्राओं को बताया कि प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। योग के माध्यम से जहां हमारा तन, मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं वहीं हम तमाम बीमारियों से मुक्ति पा सकते हैं। छात्रों को योगाभ्यास कराया गया। (संवाद)

## स्वयंसेवकों को मतदान के लिए किया प्रेरित

अमेठी सिटी। गौरीगंज के इंदिरा गांधी महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन रविवार को सफाई अभियान के साथ गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में शिविरार्थियों को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र ने योग एवं ध्यान का महत्व बताकर ध्यान की कुछ विधियों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. विनोद मिश्र ने एनएसएस शिविर की उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के प्रति प्रेरित किया। (संवाद)

न अन्य टीमों ने जीते मैच

गरीबों के दुख-दर्द को

## चौथा दिवस (दिनांक 18 मार्च 2024)

दिनांक 18.03.2024 को सभी इकाइयों के शिविरार्थियों द्वारा नित्य क्रिया के पश्चात् एक निबन्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' था। इस निबन्ध प्रतियोगिता में सभी शिविरार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों के निबन्ध का मूल्यांकन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। मूल्यांकन के पश्चात् तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिनका नाम निम्नलिखित है-

1. आस्था    2. सौम्या    3. स्वाती

अल्पविश्राम के पश्चात् सभी शिविरार्थी चयनित ग्राम सभा में वृक्षारोपण विषय पर लिखित तख्तियों, पट्टिकाओं, पोस्टर के साथ रैली निकाली। रैली के दौरान अधिकांश ग्रामवासी अलग-अलग स्थान पर खड़े होकर शिविरार्थियों द्वारा लिखे गये स्लोगन पढ़ रहे थे। इन एकत्रित ग्रामवासियों के पास जाकर शिविरार्थियों द्वारा वृक्षारोपण के महत्व को समझाया गया एवं अधिक से अधिक वृक्षरोपण एवं उनके संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने हेतु अपील की गई। इस रैली के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा रोपित पौधों का अवलोकन किया गया एवं कुछ पौधों के सूखने के कारणों पर विचार किया गया तथा ग्रामवासियों से नवरोपित पौधों की देखभाल हेतु अपील भी की। रैली से वापसी के पश्चात 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में रणवीर रणञ्जय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ0 धनन्जय सिंह ने कन्या भ्रूण हत्या, बेटी शिक्षा पर बल देते हुए बताया कि बेटियाँ ही ऐसी हैं जो परिवारों को जागरूक करने का कार्य करती हैं। आज बेटियों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने पर भारत सरकार द्वारा बहुत ही सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। इस गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ0 केशरी शुक्ला ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति रही है, 'यत्र नारियन्त पूज्यते, तत्र रमन्ते देवता'। प्रो0 लाजो पाण्डेय ने बताया कि बच्चों की प्रथम शिक्षिका माँ होती है। इसलिए यह और भी आवश्यक हो जाता है कि बेटियों को अच्छी शिक्षा दी जाए जिससे आने वाली नई पीढ़ियों को एक कुशल और जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके, गोष्ठी को डॉ0 आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ0 प्रज्ञा सिंह, अजीत कुमार उपाध्याय, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 दिनेश बहादुर सिंह, अनादि मिश्र आदि द्वारा सम्बोधित किया गया। गोष्ठी में एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें इस गम्भीर विषय पर शिविरार्थियों द्वारा अनेक प्रश्न पूछे गये जिसका उत्तर डॉ0 धनन्जय सिंह द्वारा बहुत बेहतर ढंग से दिया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रमाधिकारी डॉ0

पवन कुमार पाण्डेय ने निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को उनके द्वारा प्राप्त किये गये अंकों को बताया। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं उनकी कापियों को अन्य प्रतिभागियों को दिखाया गया, जिससे वे अपना मूल्यांकन उन प्रतिभागियों से कर सकें। सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन अतिथियों द्वारा किया गया और अगले प्रयास में और बेहतर करने हेतु प्रेरित किया गया। गोष्ठी के अन्त में कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया और शिविरार्थियों को बताया कि हमें हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। रात्रि विश्राम के पहले सभी शिविरार्थी पंक्तिबद्ध होकर अपना भोजन किये और रात्रि विश्राम को चले गये।

















# शिविरार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अमेठी(एसएनबी)। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री रामबली सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में आयोजित सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। स्वयं सेवक सेविकाओं ने घर- घर जाकर वोट देने के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया तथा दीवालों पर मतदान संबंधी स्लोगन लिखा।

स्वयं सेवकों सेविकाओं द्वारा गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने का भी कार्य किया। इस नुक्कड़ नाटक को ग्रामवासियों द्वारा बहुत सराहा गया। मजबूत लोकतंत्र में हमारी सहभागिता विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में प्रत्येक इकाई के शिविरार्थियों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के चारो इकाई के कार्यक्रमाधिकारी सहित आस्था, सौम्या, काजल, अनु, प्रशस्ति, आकाश, पवन, कुमार मंगलम आदि ने विशेष सहयोग किया।

## पीस कमेटी

फुरसतगंज-अमेठी। आग
पुलिस प्रशासन द्वारा पीस क
हुई। बैठक में एसडीएम तिलो
अजय कुमार सिंह व फुरसत
कुमार सिंह उपस्थित रहे। एस
सौहार्द पूर्ण तरीके से होली के
तथा आपसी भाईचारे को ब
लोकसभा चुनावों के सम्बन्ध
सोशल मीडिया पर आपत्ति
उन्माद फैले वहीं खालिस पर
होली में डीजे को लेकर एस
पूछा तो उन्होंने बताया कि आ
आप डीजे में जो गाना बजायेंगे
गीत हो किसी पार्टी विशेष क



थाना अध्यक्ष प्रवीन कु
कहा कि आप लोगों को कोई
अवगत करा सकते है। वही
प्रतिनिधि पंकज सिंह, पूर्व प्र
प्रधान इकबाल, भाजपा मं
निगोहां प्रधान चन्द्र पाल,
कुमार गिरी, विशाल आ
गूजर समेत सैकड़ों गणमान्

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडरिया में हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है बल्कि मानसिक शारीरिक और व्यक्तित्व विकास भी होता है। यह शिविर सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर होकर कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का एक माध्यम है।कार्यक्रमाधिकारी डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। इस विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी को साथ रहने का अवसर मिलता है। जिससे वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। विशेष शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ सीमा सिंह प्रो एस पी यादव डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह शिवम सिंह सहित अनेक ग्रामवासी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।



## राष्ट्र की संस्कृति को संजोना सभी की जिम्मेदारी

स्वयंसेवकों ने जगाई स्वच्छता की अलख



# 'सफल होने के लिए अनुशासन जरूरी'

संवादसूत्र, मेदुआ : फाटमपुर परिक्षम डुआरा स्थित डा. पुष्पेंद्र सिंह स्नातक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर चल रहा है। दूसरे दिन सोमवार को स्वयं सेवियों ने महा विद्यालय परिसर तथा उसके आस-पास सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वयं सेवकों ने बिना किसी भेदभाव के आपस में मिलकर श्रम निष्ठा, कर्तव्य परायणता, लगन और तन्मयता के साथ श्रमदान किया। छात्र-छात्राओं ने परिसर में फैली गंदगी को दूर करते हुए अन्य स्थानों पर भी सफाई की।

भोजन अवकाश के बाद द्वितीय सत्र में विद्वानों द्वारा शिविरार्थियों को स्वयं आत्म निर्भर होने की शिक्षा दी गई। कार्यक्रम अधिकारी डा. ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन जरूरी है। एनएसएस शिविर में राष्ट्र प्रेम को बढ़ाया तथा सेवा करने का भाव



अमेठी के पिंडोरिया गांव में जागरूकता रैली निकालती एनएसएस की छात्राएं • जागरण

मिलता है। कार्यक्रम के सहयोगी डा. अंजनी कुमार द्विवेदी व जयशंकर सिंह उपस्थित रहे।

**गांव में चलाया सफाई अभियान :** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से श्री रामबली सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में सात दिवसीय दिन-रात विशेष शिविर चल रहा है। सोमवार को शिविरार्थियों द्वारा प्रातः योग किया गया। स्वयं सेवकों चयनित गांव में जाकर बंद पड़ी नालियों की सफाई की। स्वच्छता अभियान ग्राम सभा पिंडोरिया, रतन शिला, भाले सुल्तान और पूरे गुलेरी में चलाया गया। साथ ही अन्य स्थानों पर भी अभियान चलाने को निर्देशित किया। मध्याह्न भोजन अवकाश के बाद मद्यपान निषेध पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई।

उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले प्रतिभागियों को शिविर समापन के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर अनीश कुमार, मंगलम, प्रशांत, अभिनंदन, शिवम, कशिश, शिवा, साक्षी व काजल उपस्थित रहीं।

## ...गांधी इंटर कालेज को हराया

...राव आंबेडकर ...वर्ग की जिला ...प्रतियोगिता हुई। पर उमरा थाने व तीसरे पर अलखिया थाने रही। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मो. मुशर्रफ खां, राम आसरे यादव, मो. आरिफ, मो. नदीम, भीम प्रताप

## सुबह दस से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी बिजली

जागरण टीम, अमेठी : द्वितीय खंड अमेठी के 33/11 के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र शुकुलपुर में 11 ... का कार्य कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता रोहित सिंह ने बताया कि बिजली आपूर्ति सुबह दस से पांच

## पंचम दिवस (दिनांक 19 मार्च 2024)

दिनांक 19.03.2024 को चयनित ग्राम भाले सुल्तान में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत शिविरार्थियों द्वारा पंक्तिबद्ध होकर एक रैली निकाली गयी। सभी स्वयंसेवक स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित नारे लिखित तख्तियाँ हाथों में लिए हुए थे। स्वयं सेवकों ने चयनित ग्राम में पहुँचकर टूटे हुए चकमार्गों, खड़ंजों एवं आने-जाने वाले मार्गों के मरम्मत का कार्य किया तथा ग्रामवासियों से अपील किया कि आने-जाने वाले मार्गों को हमेशा गड्ढा मुक्त रखें जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके पश्चात् स्वयंसेवकों ने गली, सड़क, कुएँ, हैण्डपम्प के आस-पास फैली हुई गन्दगी को झाड़ू, फावड़ा से साफ किया एवं वहाँ उपस्थित ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वयं ही घर एवं उसके आसपास साफ-सफाई रखने हेतु प्रेरित किया। कुछ ग्रामवासियों ने कहा कि आप लोगों के एक दिन सफाई से क्या होगा प्रतिदिन आकर साफ-सफाई करिए। इस पर स्वयंसेवकों ने बहुत ही सन्तोषजनक उत्तर देते हुए कहा कि हम लोग केवल सांकेतिक रूप से साफ-सफाई कर रहे हैं। अगर आप लोगों को यह मालूम है कि प्रतिदिन साफ-सफाई होनी चाहिए, तो इसका मतलब है कि साफ-सफाई और स्वच्छता करना अच्छा कार्य है तो अच्छे कार्य करने के लिए हर नागरिक को तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह ने स्वच्छता के माध्यम से स्वस्थ वातावरण बनाकर अनेक गन्दगी जनित समस्याओं एवं बीमारियों का निदान करने हेतु ग्रामवासियों से बात भी किया।

मध्याह्न भोजन के पश्चात् सायंकालीन सत्र 'पर्यावरण जागरूकता' पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिविरार्थी, ग्रामवासी एवं महाविद्यालय के अधिकांश शिक्षक उपस्थित हुए, गोष्ठी में बोलते हुए महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ0 त्रिवेणी सिंह ने पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले विभिन्न कारकों का विस्तृत वर्णन किया। आपने पर्यावरण को बचाये रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए उपस्थित लोगों को मृदा संरक्षण, जल संरक्षण का समुचित उपयोग करने को कहा तथा वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील की।

इसी क्रम में डॉ0 धनन्जय सिंह ने जल संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में वर्षा के जल को संरक्षित करना चाहिए तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। उन्होंने विश्व स्तर पर होने वाले ग्लोबल वार्मिंग की तरफ भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। डॉ0 आशा गुप्ता ने वनों एवं पेड़ों की अन्धाधुन्ध कटाई को रोकने की बात कही। गोष्ठी के समापन के अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुधीर सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किये गये प्रयासों का विवरण प्रस्तुत किया।


NOT ME BUT YOU
GPS Map Camera
Pindoriya, Uttar Pradesh, India
5VJ2+Q54, Pindoriya, Uttar Pradesh 227405, India
Lat 26.182096°
Long 81.850346°
19/03/24 10:55 AM GMT +05:30
Google





GPS Map Camera
Google
Thaura, Uttar Pradesh, India
5RJV+9QQ, Thaura, Uttar Pradesh 227405, India
Lat 26.180905°
Long 81.844132°
19/03/24 02:30 PM GMT +05:30


बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
NOT ME BUT YOU






N.S



# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारंभ



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडेरिया में हुआ। विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर विद्यार्थियों का न केवल शैक्षिक विकास होता है बल्कि मानसिक शारीरिक और व्यक्तित्व विकास भी होता है। यह शिविर सात दिन घर परिवार के वातावरण से दूर होकर कुछ नया सीखने तथा समाज को जागरूक करने का एक माध्यम है।कार्यक्रमाधिकारी डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं जागरूक होकर घर परिवार सहित समाज को जागरूक करना है। इस विशेष शिविर का आयोजन इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है कि विद्यार्थी को साथ रहने का अवसर मिलता है। जिससे वह समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। विशेष शिविर में कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा सिंह डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ सीमा सिंह प्रो एस पी यादव डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह शिवम सिंह सहित अनेक ग्रामवासी और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाएं उपस्थित रहे।



नीचे टिकिया घाट ... निवासी संजय कश्यप ने बताया कि वाले पूरे कहारन-सरवांवा गांव निवासी संजय कश्यप ने बताया कि छप्पर में आग लगने से ठेला भी जल गया है। साथ ही अराजक तत्वों ने अण्डे की दुकान करने वाले बैजनाथ कश्यप सब्जी दुकानदार मूलचंद शर्मा तथा भाजपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोकचंदी के प्लाट पर रखे छप्पर में आग लगने से उसमें रखे तखत चारपाई व अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

## बेटों की अपेक्षा ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रही बेटियां

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में विशेष शिविर के पांचवे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली निकाला। स्वयं सेवक सेविकाओं ने घर- घर जाकर के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया तथा दीवालों पर इस संबंध में स्लोगन लिखा। स्वयं सेवकों सेविकाओं द्वारा प्राथमिक विद्यालय पिंडोरिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मध्यान भोजन के उपरान्त उक्त विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ अरविंद सिंह ने कहा कि आज बेटों की अपेक्षा बेटियां ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रही है। डॉ भगवती धीटे ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से लड़कियां अपनी परिवार एवं समाज में अलग पहचान बना सकती हैं। डॉ प्रज्ञा सिंह ने कहा कि शिक्षा से महिला हिंसा को कम किया जा सकता है। गोष्ठी में डॉ आदित्य बहादुर सिंह दिनेश बहादुर सिंह डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रमाधिकारी सहित मुस्कान ज्योति काजल विकास महेंद्र अंजली शिवा अभिनंदन आस्था प्रशांत शिवम आदि ने विशेष योगदान दिया।


नीचे टिकिया घाट ... निवासी संजय कश्यप ने बताया कि वाले पूरे कहारन-सरवांवा गांव निवासी संजय कश्यप ने बताया कि छप्पर में आग लगने से ठेला भी जल गया है। साथ ही अराजक तत्वों ने अण्डे की दुकान करने वाले बैजनाथ कश्यप सब्जी दुकानदार मूलचंद शर्मा तथा भाजपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह त्रिलोकचंदी के प्लाट पर रखे छप्पर में आग लगने से उसमें रखे तखत चारपाई व अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

बेटों की अपेक्षा ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रही बेटियां

अमेठी। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया में विशेष शिविर के पांचवे दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली निकाला। स्वयं सेवक सेविकाओं ने घर- घर जाकर के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया तथा दीवालों पर इस संबंध में स्लोगन लिखा। स्वयं सेवकों सेविकाओं द्वारा प्राथमिक विद्यालय पिंडोरिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मध्यान भोजन के उपरान्त उक्त विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ अरविंद सिंह ने कहा कि आज बेटों की अपेक्षा बेटियां ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रही है। डॉ भगवती धीटे ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से लड़कियां अपनी परिवार एवं समाज में अलग पहचान बना सकती हैं। डॉ प्रज्ञा सिंह ने कहा कि शिक्षा से महिला हिंसा को कम किया जा सकता है। गोष्ठी में डॉ आदित्य बहादुर सिंह दिनेश बहादुर सिंह डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रमाधिकारी सहित मुस्कान ज्योति काजल विकास महेंद्र अंजली शिवा अभिनंदन आस्था प्रशांत शिवम आदि ने विशेष योगदान दिया।


दवाओं की कमी नहीं है।

# मतदान के प्रति किया लोगों को जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

अमेठी सिटी। गौरीगंज के इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के छठवें दिन शिविरार्थियों ने गांवों में जागरूकता कार्यक्रम किए। इसमें ग्रामीणों को नारी शिक्षा और सम्मान, प्राथमिक चिकित्सा तथा अपने मौलिक कर्तव्यों की जानकारी लोगों को घर-घर जाकर दी।

अमेठी में मतदाता जागरूकता, महिला शिक्षा व सुरक्षा के बाद विभिन्न मुद्दों पर वैचारिक गोष्ठी के साथ भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता व नाटक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ. केके मिश्र, डॉ सतीश चंद्र श्रीवास्तव व डॉ नृपेन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

**युवाओं में नवस्फूर्ति प्रदानकर प्रतिभा संपन्न बनाता है एनएसएस : भादर (अमेठी)।** ब्लाक क्षेत्र के आचार्य विनोबा भावे पीजी कॉलेज छीड़ा में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि प्रबंधक प्रोफेसर डॉ. अरविंद चतुर्वेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम युवाओं में नव स्फूर्ति प्रदान कर बहु आयामी प्रतिभा संपन्न बनाता है।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली



कार्यक्रम प्रस्तुत करती आरआरपीजी कॉलेज के विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

अमेठी। शहर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से श्री रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में चल रहे विशेष शिविर के पांचवें दिन शिविरार्थियों ने चयनित गांवों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली निकाली। स्वयं सेवक- सेविकाओं ने घर- घर जाकर के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। प्राथमिक विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में आयोजित गोष्ठी को डॉ अरविंद सिंह, डॉ आदित्य बहादुर सिंह, दिनेश बहादुर सिंह, डॉ भगवती धीटे, डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ प्रज्ञा सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सभी कार्यक्रमाधिकारी सहित मुस्कान, ज्योति, काजल, विकास, महेंद्र, ज्योति, अंजली, शिवा, अभिनंदन, आस्था,प्रशांत ,शिवम आदि मौजूद रहे। (संवाद)

अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. वीके झा, सेवा निवृत्त बैंक मैनेजर राकेश सिंह,प्रभारी प्राचार्य डा. नजमी बीबी,कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनूप पांडेय ,राहुल गुप्ता, मनोज दुबे, व्यास जी पांडेय,गिरजा शंकर सरोज, सुरेश यादव, विजय, कृष्ण कुमार, त्रिपुरी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

अवध

विद्युत पैनल बदलने

## षष्ठम दिवस (दिनांक 20 मार्च 2024)

दिनांक 20.03.2024 को प्रातः नित्य क्रिया के पश्चात् सभी शिविरार्थी शिविर स्थल पर एकत्रित होकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ प्रार्थना सभा में भाग लिया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाएं जल संरक्षण, बालविवाह, मद्यपान निषेध, दहेज प्रथा, स्वच्छता जैसे ज्वलन्त समस्याओं पर पोस्टर, बैनर, तख्तियाँ लेकर चयनित ग्रामसभा में बड़े ही अनुशासित ढंग से पंक्तिबद्ध होकर रैली निकाली। इस रैली को देखने के लिए ग्रामवासी जगह-जगह पर एकत्रित हुए और पोस्टर, बैनर तथा तख्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़ रहे थे। कई स्थानों पर स्वयं सेवक-सेविकाओं ने रुककर इन ग्रामवासियों से इस विषय पर बातचीत किया तथा उन्हें जागरूक करने का कार्य किया। सभी ग्रामवासी बड़े ही धैर्यपूर्वक इन बातों को सुना और शिविरार्थियों को आश्वस्त किया कि इन कुरीतियों को दूर करने में वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। पूरे ग्राम का भ्रमण करने के पश्चात् शिविरार्थी शिविर स्थल पहुँचे और वहाँ वे मध्याह्न भोजन में दाल, चावल, रोटी, सब्जी ग्रहण किये।

